तकनीकी शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा NIC हरियाणा द्वारा विकसित प्रणाली पर सत्र 2026 के दौरान 8 तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए काउंसलिंग और प्रवेश प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की गई

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (NIC), हरियाणा ने शैक्षणिक सत्र 2026-2027 के लिए काउंसलिंग और प्रवेश प्रक्रिया में व्यापक तकनीकी सहायता सफलतापूर्वक प्रदान की। इसमें आठ तकनीकी पाठ्यक्रम शामिल थे: डिप्लोमा इंजीनियरिंग, डिप्लोमा इंजीनियरिंग (लेटरल एंट्री), डिप्लोमा फार्मेसी, बी.ई./बी.टेक (लेटरल एंट्री), बी.फार्मेसी, बी.फार्मेसी (लेटरल एंट्री) और बी.आर्किटेक्चर। तकनीकी टीम ने प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी सभी IT गतिविधियों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित किया। इसमें उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं और परिचालन जरूरतों के अनुसार विभिन्न सॉफ्टवेयर मॉड्यूल का विकास, उनमें सुधार और कस्टमाइज़ेशन (अनुकूलन) शामिल था। काउंसलिंग पोर्टल के रखरखाव और निगरानी के लिए तकनीकी सहायता दी गई। इस पोर्टल में उम्मीदवारों और संबंधित विभाग के लिए कई मॉड्यूल हैं, जैसे - उम्मीदवार पंजीकरण, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, दस्तावेजों का सत्यापन, सत्यापित डेटा की प्रोसेसिंग, रैंक कार्ड तैयार करना और जारी करना, सीट आवंटन, और आवंटन परिणामों का प्रकाशन। ऑनलाइन प्रवेश प्रणाली के कुशल कामकाज को सुनिश्चित करने और विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक तकनीकी बदलाव और मॉड्यूल-स्तर के कॉन्फ़िगरेशन किए गए।

इस प्रोजेक्ट को एन. आई. सी. हरियाणा की काउंसलिंग टीम ने सफलतापूर्वक पूरा किया। इस टीम में सुश्री उषा राय, वैज्ञानिक एफ (ASIO) सुश्री निधि पाहवा, वैज्ञानिक एफ; श्री सुरेन्द्र कुमार, वैज्ञानिक डी एवं सुश्री पूजा त्यागी, वैज्ञानिक-सी शामिल थे, यह कार्य श्री यतीन्द्र सक्सेना, उपमहानिदेशक एवं राष्ट्रीय सूचना विज्ञान अधिकारी (हरियाणा) के कुशल नेतृत्व में किया गया।



Successful completion of Counselling and Admission process for 8 technical courses during session 2026 by Technical Education Deptt., Haryana on System developed by NIC Haryana

National Informatics Centre (NIC), Haryana successfully provided comprehensive technical support for the counselling and admission process for the academic session 2026–2027, covering eight technical courses i.e. **Diploma Engineering, Diploma Engineering (Lateral Entry), Diploma Pharmacy, B.E./B.Tech, B.E./B.Tech (Lateral entry), B.Pharmacy, B.Pharmacy (Lateral entry) and B.Architecture**. The technical team ensured the smooth functioning of all IT-related activities associated with the admission process, including the development, enhancement, and customization of various software modules in accordance with user requirements and operational needs. Technical support was provided for the maintenance and monitoring of the counselling portal which consist of various modules for candidate and user department like candidate registration, online application processing, document verification, processing of verified candidate data, rank card generation and publication, seat allotment, and publication of allotment results. Necessary technical modifications and module-level configurations were undertaken to address specific requirements and ensure the efficient functioning of the online admission system.

This project was successfully completed by the counseling team of NIC Haryana. The team comprised **Ms. Usha Rai, Scientist-F (ASIO); Ms. Nidhi Pahwa, Scientist-F; Mr. Surendra Kumar, Scientist-D and Ms. Pooja Tyagi, Scientist-C**. The work was carried out under the able leadership of **Shri Yatindra Saxena, Deputy Director General and State Informatics Officer (Haryana).**

